HAPUR POLICE

प्रेस नोट

थाना - हाफिजपुर **दिनांक 17.06.2026**

- **थाना हाफिजपुर पुलिस द्वारा अल्प समय में युवती की हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए हत्यारोपी बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।**
- **जिसके कब्जे/निशादेही पर मृतका का मोबाइल फोन बरामद।**
- **मृतका और बाल अपचारी के मध्य प्रेम प्रसंग था। मृतका द्वारा बाल अपचारी से शादी करने का दबाव बना रही थी, इसी बात को लेकर दोनों के मध्य विवाद होने पर बाल अपचारी द्वारा मृतका के सिर पर ईंट से वार कर हत्या कर दी गयी थी।**

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 15.06.2026 को थाना हाफिजपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम उबारपुर के खेत में एक युवती का शव मिला था, जिसकी शिनाख्त शिवानी पुत्री महीपाल निवासी ग्राम भदस्याना थाना बहादुरगढ जनपद हापुड़ के रूप में हुई थी। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में थाना हाफिजपुर पर मु0अ0सं0 118/26 धारा 103(1) बीएनएस बनाम अज्ञात किया गया था।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था एवं घटना का शीघ्र अनावरण करने हेतु टीमों का गठन कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे।

कार्यवाहीः-

हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हाफिजपुर पुलिस द्वारा थाने के मु0अ0सं0 118/26 धारा 103(1) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए हत्यारोपी बाल अपचारी को ग्राम सादिकपुर से आगे सलाई कट के पास से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए बाल अपचारी को माननीय किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश कर बाल संप्रेक्षण गृह भेजा जा रहा है।

बरामदगी का विवरणः-

मृतका का मोबाइल फोन।

बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लेने वाली पुलिस टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अरविन्द चौधरी थाना हाफिजपुर जनपद हुपड।
2. उ0नि0 श्री मनोज कुमार थाना हाफिजपुर जनपद हापुड।
3. है0का0 608 प्रियाक यादव थाना हाफिजपुर जनपद हापुड।
4. है0का0 820 मोहित कुमार थाना हाफिजपुर जनपद हापुड
5. का0 989 रुपेन्द्र कुमार थाना हाफिजपुर जनपद हापुड।
6. का0 321 राजेश कुमार थाना हाफिजपुर जनपद हापुड।